ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-09-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-03	2022-09-04	2022-09-05	2022-09-06	2022-09-07
वर्षा (मिमी)	5.0	10.0	20.0	12.0	8.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	32.0	33.0	33.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	25.0	24.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	90	95	95	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	70	70	70	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	10.0	10.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	140	130	130	130	100
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	4	3	4	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (26 अगस्त - 1 सितम्बर, 2022) में 46.5 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 31.5 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 23.9 से 26.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 88 से 98 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 65 से 82 प्रतिशत एवं हवा 0.3 से 4.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली|आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 32.0 से 34.0 व 24.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः आगामी 3 से 5 सितम्बर को, कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओला और तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 7 से 13 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर जिले के लिए एनडीवीआई 0.3-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों (28 जुलाई से 24 अगस्त के दौरान) से जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है | किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाई नये बाग लगाने का कार्य करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान में कहीं-कहीं पर बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। जिन खेतों में पंक्तियों के अगले भाग सूखकर सफेद हो गये हों या पंक्तियो के दोनों किनारे ऊपर से नीचे की ओर सूखते हुये सफेद हो रहे हों वहाँ खेतों में कॉपर ओक्सीक्लोराइड 500ग्राम तथा स्टेपटोसाइक्लिन 15ग्राम, 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिकाव करें। छिड़काव करने के पूर्व खेत से पानी निकाल दें तथा यूरिया का प्रयोग न करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
चावल	धान की फसल में, तना बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रानिलिप्रोले 20 एस सी 150 मिली/है0 या फ्लूबेंडियामाइड 480 एससी 75 मिली/है0 या फिप्रोनील 5 एससी 1.0 लीटर या कॉरटाप हाइड्रोक्लोराइड 50 डब्लू पी 600ग्राम या क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी 2.5 लीटर 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से छिडत्रकाव करें।
गन्ना	गन्ने की फसल में, सफेद मक्की के लिए थियामेथोक्ज़ाम 25 डब्लू जी का 125 ग्राम/है या व्हाइट ग्रब या कुरमुला कीट की रोकथाम हेतु फिप्रोनिल 40 प्रतिशत तथा इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत डब्लू जी का 500 ग्राम/है0 की दर से खेत में प्रयोग मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मूली	मैदानी क्षेत्रो में मूली की यूरोपियन किस्मों की बुवाई इस माह कर सकते है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की फसल में ऊपर से डन्ठल काले पड़कर सूखने की समस्या की निदान हेतु संक्रमित शाखाओं को तोड़कर हटा दें एवं फल सड़न की समस्या हेतु कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।
टमाटर	टमाटर की फसल मे पत्तियो पर धब्बे पड़ने एवं झुलसने पर मैनकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे।
पपीता	पपीतें के बगीचों में जल निकास का उचित प्रबंध करें। पपीते में कॉलर रॉट रोग होने पर मेटलैक्सिल + मैनकोजेब (रिडोमिल गोल्ड) @ 2 ग्राम/लीटर पानी का प्रयोग बहुत प्रभावी पाया गया है। पहले छिड़काव के 10 दिन बाद दोबारा छिड़काव करें।आगामी दिनो में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए अभी छिड़काव से बचे, अतः छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
अमरूद	यदि अमरूद के पेड़ के पत्ते सूख रहे हों तो तुरंत पेड़ के बेसिन को 3 ग्राम/लीटर की दर से बाविस्टीन के घोल से भिगो दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	मादा बछियो का मॉ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके।
भेंस	पशुओं के पैर की सड़न जैसी फूटरॉट नामक बीमारी को रोकने हेतु पशुओं के खुरों/पैरों को 10 प्रतिशत फॉर्मेलीन अथवा 5 प्रतिशत नीले थोथे के घोल में सुबह-शाम 2-3 मिनट तक डुबोएं। उक्त प्रक्रिया 3 दिनों तक करें।